# RAMKESHeducation.com




**Name** : [RAMKESHrawat]

**Phone** : [7828116138]

**Email** : [RAMKESHeducation@org.in]

**Website** : RAMKESHeducation

Click करें

आप हमारी बेबसाइट पर जाकर हमारा एप्प डाउनलोड कर सकते हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मददगार साबित होगा।

यहॉं हम आपको मध्यप्रदेश की जनवरी 2019 से नवम्वर 2019 तक की सम्पूर्ण समसामयिकी उपलब्ध करा रहे है।
इस पूरी पीडीएफ को पढ़ने के बाद आप मध्यप्रदेश करेंट अफेयर से एक भी प्रश्न नहीं छोड़ेगे।







## Madhya Pradesh Current Affairs : October 2019

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग का 13 सितंबर 2019 को कौन सा स्थापना दिवस मनाया गया - **25वां**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस शहर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सांइस सेंटर की स्थापना की जाएगी - **छिन्दवाड़ा**

**प्रश्न :-** वर्ष 2019-20 से वर्ष 2020-21 तक मध्य प्रदेश के कितने शहरों में सेफ सिटी कार्यक्रम संचालित किया जाएगा - **6 शहरों में**

**प्रश्न :-** भोपाल के किस विश्वविद्यालय में अटल नवाचार मिशन के अंतर्गत अटल इनक्यूवेशन सेंटर की स्थापना की गई है - **रविन्द्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस शहर में युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए मॉडल करियर सेंटर की स्थापना की जाएगी - **जबलपुर**

प्रश्न :- निरोगी काया अभियान का शुभारंभ मध्यप्रदेश में कहां से किया गया - रातीबड़ भोपाल

प्रश्न :- 19वीं इंडियन टेलिविजन अकेडमी अवार्ड समारोह का आयोजन मध्य प्रदेश के किस शहर में किया जाएगा - इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 10 नवम्बर को

प्रश्न :- मध्य प्रदेश में हस्तशिल्प विकास के लिए कौन से राज्य से समझौता किया है - छतीसगढ़

प्रश्न :- मध्यप्रदेश सरकार ने किस देश के साथ स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम की शुरूआत की है - संयुक्त अरब अमीरात




प्रश्न :- मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने मैदानी चुनाव कार्य करने हेतु अधिकारी कर्मचारी के लिए कितनी आर्थिक सहायता का प्रावधान लागू किया है - 8 लाख

प्रश्न :- किस नगर निगम को केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छता पर्यटन पुरस्कार से नवाजा है - इंदौर नगर निगम को

प्रश्न :- इंदौर की खिलाड़ी सरिता चौरे ने अभी हाल ही में इंगलैंड के बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ ब्लाइंड जूडो चैंमियनशिप में कौन सा पदक जीता है - कांस्य पदक (इस चैम्पियनशिप में भारतीय खिलाडियों ने कुल 19 पदक जीते है। सरिता ने जूनियर बालिकाओं के 48 किलोग्राम से कम वजन वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।)

प्रश्न :- म्यांमार में आयोजित स्नूकर चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के कमल चावला ने कौन सा पदक जीता है - कांस्य पदक

प्रश्न :- प्रदेश में वन विभाग ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने वाला प्रदेश का कौन सा विभाग बन गया है - पहला विभाग

प्रश्न :- वन विभाग ई-ऑफिस सिस्टम में कौन-कौन सी भाषाओं का उपयोग किया जाएगा - हिंदी एवं अंग्रेजी

**प्रश्न :-** वन विभाग ई-ऑफिस सिस्टम की शुरूआत किसके द्वारा की गई - **वन मंत्री श्री उमंग सिंघार और प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा वन बल प्रमुख श्री जे. के. मोहंती**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस मंदिर को जल शक्ति मंत्रालय एवं पेयजल और स्वच्छता विभाग, भारत सरकार द्वारा फेज 2 में फर्स्ट रनर अप "स्वच्छ आईकॉनिक स्थल" घोषित किया गया है - **उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर को**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के कौन से जिले को "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना में जन्म के समय बाल लिंगांनुपात में लगातार बेहतर प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया है - **रीवा जिले को**

**प्रश्न :-** वह कौन सा प्रदेश है जहां के सभी थानों को सीसीटीएनसएस प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है - **मध्य प्रदेश**

**प्रश्न :-** दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला उद्यमिता एवं निर्यात प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन मध्य प्रदेश के किस जिले में किया गया - **जबलपुर**

**प्रश्न :-** आदिम जाति मंत्रणा परिषद का पुनर्गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया - **मुख्यमंत्री**

**प्रश्न :-** आदिम जाति मंत्रणा परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कौन है - **अध्यक्ष मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ तथा उपाध्यक्ष श्री ओमकार सिंह**

**प्रश्न :-** प्रदेश में प्रत्येक आदिवासी परिवार को जरूरत पड़ने पर कितने रूपए तक ओवरड़ाफ्ट लेने की सुविधा राज्य सरकार के द्वारा दी गई है - **10 हजार**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश की किस जिले में आधुनिक कैथ लैब का प्रारंभ हुआ है - **ग्वालियर**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में जन्मी कौन सी प्रसिद्ध महिला को डाटर ऑफ द नेशन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा - **लता मंगेशकर**

प्रश्न :- डॉ राजीव कुमार जो नीति आयोग के उपाध्यक्ष है, वह 2 दिन के प्रवास पर मध्य प्रदेश के किस शहर में आएंगे - इंदौर

प्रश्न :- मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग की ओर से राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान 2018 किसे देने की घोषणा की गई है - मंजूर एहतेशाम

प्रश्न :- मध्य प्रदेश को पर्यटन की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने पर कितने राष्ट्रीय पुरस्कार प्रापत हुए हैं - 10

प्रश्न :- किस राज्य के साथ मध्य प्रदेश को रोमांचक पर्यटन श्रेणी का अवार्ड दिया गया - गोवा (हाल ही में मध्य प्रदेश को बेस्ट स्टेट फॉर एडवेंचर टूरिज्म अवार्ड से सम्मानित किया गया है। गोवा और मध्य प्रदेश रोमांचक पर्यटन श्रेणी के साझा विजेता रहें हैं।)

प्रश्न :- केन्द्रीय सूक्ष्य एवं मध्यम उद्योग मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश के किस जिले में प्रौद्योगिक केन्द्र खोलने को मंजूरी दे दी है - जबलपुर

प्रश्न :- उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के वर्ष 2018 के सामानों की घोषणा की गई है जिसमें मध्य प्रदेश के किन जिलों के व्यक्तित्व को इस समान से सम्मानित किया गया है - ग्वालियर तथा दमोह

प्रश्न :- जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया ओपन नेशनल गेम प्रतियोगिता में धार जिले के रहने वाले हितेंन्द्र सिंह ने कौन सा मेडल जीता है - गोल्ड मेडल, प्रथम स्थान प्राप्त कर

प्रश्न :- खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा मध्य प्रदेश के किस जिले में हॉकी फीडर सेंटर स्थापित किया जाएगा - धार

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के किस जिले की यूनिवर्सिटी में एनर्जी अनुसंधान केंद्र का लोकार्पण उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी के द्वारा किया गया - इंदौर

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के कौन से रेलवे स्टेशन को ISO 14001 – 2015 प्रमाण पत्र दिया है - खजुराहो (खजुराहो रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाएं एवं स्वच्छता तथा पर्यावरण विश्व स्तरीय है। अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन के द्वारा खजुराहो रेलवे स्टेशन को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए अंतर्राष्ट्रीय पहचान पत्र 20 सितंबर को दिया गया।)

**प्रश्न :-** हाल ही में देश के प्रख्यात कवि श्री माणिक वर्मा का निधन हो यगा वह मध्यप्रदेश के कौन से जिले से संबंधित हैं - इंदौर (वे मूलत: हरदा के निवासी हैं, परन्तु कुछ समय से इंदौर में रहने आ गए थे।)

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेशमें कितनी स्मार्ट क्लासेस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी - 1500

**प्रश्न :-** केन्द्र सरकार और कॉलेजियन के बीच टकराव के बाद किसे मध्य प्रदेश का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाएगा - जस्टिस अकील कुरैशी

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में प्रदेश का पहला गौ चिकित्सालय किस नाम से खोला जाएगा - अध्यात्म का मंदिर

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के बड़े मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए कितने रूपए सरकार के द्वारा दिए गए हैं - 2 करोड़ 45 लाख

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना इंदिरा गृह ज्योति योजना को नए स्वरूप में कब से लागू किया गया है - 1 सितंबर 2019

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के कौन सी जगह पर कार्गो एयरपोर्ट बनाने की तैयारी शुरू हो गई है - डबरा

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के कौन से मंदिर को फ्री वाई-फाई जोन बनाया गया है - रामराजा सरकार मंदिर, ओरछा

प्रश्न :- मध्य प्रदेश शहरी पेयजल योजना में किन जिलों की जल प्रदाय योजना स्वीकृत की गई है - राजगढ़ एवं बालाघाट

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के कौन-कौन से शहरों में इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन किया जाएगा - भोपाल और इंदौर, उज्जैन और जबलपुर तथा ग्वलियर (इसके प्रथम चरण में भोपाल में 100 बसों का संचालन किया जाएगा तथा इंदौर – 100, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन को 50-50 बसें मिलेंगी।)

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के कौन से शहर में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंछिया 1 अक्टूबर से एक्सीलेंस सेंटर शुरू करने जा रहा है - भोपाल में

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के किस शहर के शासर मंजर भोपाली को हाल ही में डॉक्टर शिव बहादुर से ही सम्मान से सम्मानित किया गया - भोपाल




प्रश्न :- "प्लेटिनम स्कॉच अवार्ड" से मध्य प्रदेश के किस विभाग को सम्मानित किया गया है - परिवहन विभाग (दिल्ली में आयोजित समारोह में परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्लेटिनम स्कॉच अवार्ड ग्रहण किया।)

प्रश्न :- मध्य प्रदेश की किस नदी को विश्व धरोहर सूची में शामिल करवाने के लिए प्रस्ताव बनायाजा रहा है - नर्मदा (मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कही जाने वाली नर्मदा नदी के पौराणिक महत्व एवं सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए इसे वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल कराने की तैयारी वर्तमान सरकार के द्वारा की जा रही है।)

प्रश्न :- वह कौन सा एयरपोर्ट है जिसे एक साथ तीन पुरस्कार मिलने पर वह देश का पहला एयरपोर्टबन गया है - इंदौर एयरपोर्ट (एशियाई पेसेफिक श्रेणी में आने वाले देशों में मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के देवी अहिल्या होलकर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को तीन अलग अलग श्रेणी में बेस्ट अवार्ड प्राप्त हुए हैं।)

प्रश्न :- राज्यपाल श्री लालजी टंडन ने डॉक्टर पीयूष रंजन अग्रवाल को कहां का कुलपति नियुक्त किया है - अवधेश प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी, रीवा

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस जिले में हाथी महोत्सव का आयोजन किया गया - **उमरिया**

**प्रश्न :-** कौन सी राज्य सरकार ने पर्यटन स्थलों पर हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है - **मध्य प्रदेश**

## Madhya Pradesh current affair September 2019

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश स्थित किस अभ्यारण्य में अफ्रीकी चीता लाने का प्रस्ताव पारित किया गया - **नौरादेही अभ्यारण्य**

**प्रश्न :-** देश की पहली रोबोटिक कंट्रोल वेधशाला मध्य प्रदेश के किस शहर में स्थापित की है - **उज्जैन**

**प्रश्न :-** हाल ही में पोहे शिकंजी के साथ दो तरह की नमकीन की जीआई टैग पर मध्यप्रदेश के किस शहर ने दावा किया है - **इंदौर**

**प्रश्न :-** हाल ही में देवास जिले की उदयनगर तहसील में पर्यटन विकास के लिए मध्य्रपदेश टूरिज्म बोर्ड और किसके बीच करारनामा हुआ है - **क्लब महिंद्रा**

**प्रश्न :-** राज्य शासन ने ऊर्जा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार करने के लिए किसकी अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद समिति का गठन किया है - **श्री सज्जन सिंह वर्मा**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश सरकार ने हस्तशिल्प एवं हथकरघा आयुक्त किसे बनाया है - **राजीव शर्मा**

**प्रश्न :-** हाल ही में कहां भारतीय रेलवे का अधिकृत "रेल नीर" बनाने वाला प्लांट चालू किया गया है - **मंडीदीप (5 जुलाई से मंडीदीप में रेल नीर बनाने वाला प्लांट चालू हो गया है, 16 जुलाई से भोपाल मंडल के सभी स्टेशन जबलपुर का सागर स्टेशन एवं कोटा मंडल के कोटा स्टेशन पर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। अभी तक इसका प्लांट भोपाल मंडल में नहीं था। इसके कारण रेलवे ने भोपाल, हबीबगंज, इटारसी, बीना समेत**

सभी रेलवे स्टेशनों पर दूसरे ब्रांड के पानी बेचने की स्वीकृति दी थी, क्योंकि प्लांट नहीं होने की स्थिति में रेल नीर की सप्लाई संभव नहीं थी)

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस जिले को आकांक्षी योजना के तहत 3 करोड़ रूपए का बजट केंद्र सरकार से प्राप्त हुआ है - गुना (आकांक्षा योजना के तहत गुना जिले को 3 करोड़ रूपए का बजट मिला है। भारत सरकार ने आकांक्षी योजना के तहत नीति आयोग की रिपोर्ट के आधार पर देश के सबसे पिछड़े 115 जिले में गुना जिले को 47वे पायदान पर रखा था। 6 महीने में देश में तीसरा स्थान इस जिले को मिला है।)

**प्रश्न :-** राज्य ने अभी हाल ही में राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्रों के प्रभावी प्रबंधन में सभी देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है - मध्य प्रदेश (मध्य प्रदेश के टाइगर राज्य का दर्जा हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्रों के प्रभावी प्रबंधन में भी देश में स्थान प्राप्त किया है। वन मंत्री श्री उमंग सिंघार ने कहा है कि वन, वनवासियों और प्रदेश वासियों को समन्वित सहभागिता से प्रदेश की जैव विविधता संरक्षण कार्य योजना बनाई जाएगी। वर्ष 2004 में नवीन तकनीकों को उपयोग में लाते हुए वैज्ञानिक पद्धति से अखिल भारतीय बाघ गणना आरंभ की गई।)

**प्रश्न :-** भारत सरकार द्वारा जारी टाइगर रिजर्व के प्रबंधन की प्रभावशाली मूल्यांकन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के किस टाइगर रिजर्व ने देश में सर्वोच्च अंक हासिल की है - पेंच टाइगर रिजर्व

**प्रश्न :-** पंचायत राज्य संस्थाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 में कितनी राशि का प्रावधान किया गया है - 552 करोड़ 50 लाख

**प्रश्न :-** किस स्थान पर "सावन शिल्प 2019" हस्तशिल्प हथकरघा मेला 2 से 12 अगस्त तक लगाया जाएगा - भोपाल (संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिलप एवं हथकरघा विकास निमग द्वारा 2 से 12 अगस्त तक हस्तशिल्प हथकरघा मेला का वंशज 2019 लगाया जाएगा।)

**प्रश्न :-** स्मार्ट गौशाला बनाने के लिए किस राज्य के पशुपालन विभाग और SIBCS कम्पनी के बीच MOU साइन हुआ है - मध्य प्रदेश

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस शहर के तैराक अद्वैत पागे का कोरिया में होने वाली सीनियर विश्व तैराकी प्रतियोगिता में चयन हुआ है - **उज्जैन**

**प्रश्न :-** खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की बहुउद्देशीय योजना खेलो इंडिया में किस राज्य के राजकीय खेल शामिल कर लिए गए हैं - **मध्य प्रदेश का राजकीय खेल मलखंभ को शामिल किया गया है।**

**प्रश्न :-** प्रदेश के सभी जिलों में वातानुकूल वोल्वो बस चलाने की योजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सबसे पहले किस जिले से सेवाएं शुरू की जाएंगी - **छिन्दवाड़ा और सागर**

## Madhya Pradesh current affairs August - July 2019

**प्रश्न :-** हाल ही में हिंदी भवन में "आयाम जिंदगी के" पुस्तक का विमोचन किसके द्वारा किया गया - **जनसंपर्क मंत्री श्री पी सी शर्मा के द्वारा किया गया।**

**प्रश्न :-** प्रधानमंत्री सोयल हेल्थ कार्ड योजना में प्रदेश के 51 जिले में सैंपलिंग और मिट्टी परीक्षण के कार्य में कौन सा जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा - **रतलाम (दूसरे नम्बर पर नरसिंहपुर एवं तीसरी पर राजगढ़ तथा चौथे व पांचवे पर क्रमश: धार एवं खरगोन ने सैंपल एकत्र किए।)**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस जिले में नर्मदा नदी के किनारे पर पुरातात्विक काल के फॉसिल्स और प्रागैतिहासिक काल के पत्थर पाए गए हैं - **नरसिंहपुर**

**प्रश्न :-** दिल्ली में आयोजित 19वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति शूटिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी की पैरा खिलाडी रूबिका फ्रांसिस ने मध्य प्रदेश को कितने स्वर्ण पदक दिलाए हैं - **दो (दिल्ली में आयोजित 19वीं कुमार सुरेंद्र स्मृति शूटिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी की पैरा खिलाड़ी रूबिका फ्रांसिस में दो स्वर्ण पदक मध्य प्रदेश को दिलवाए हैं। रूबिका ने यह पदक जूनियर एवं सीनियर वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल पैरा वूमेन स्पर्धा में अर्जित किए हैं। चैंपियनशिप में शूटिंग अकादमी के खिलाडियों ने कुल 17 पदक अर्जित किए हैं।**

इनमें से रायफल खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, पांच रजत, एवं पांच कांस्य पदक तथा पिस्टल खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक और दो रजत पदक अर्जित किए हैं।)

**प्रश्न :-** सेंट्रल इंडिया की सबसे आधुनिक स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी किस शहर में खोली जाने की घोषणा प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी के द्वारा की गई है - इंदौर में

**प्रश्न :-** भारत सरकार की नीति आयोग के शिक्षकों और बच्चों की दक्षता के उन्नयन के लिए रेमेडियल शिक्षा (ब्रिज कोर्स) प्रोग्राम के माध्यम से मध्य प्रदेश का कौन सा जिला बन रहा है - हरदा (प्रदर्शन करने वाले जिले – उच्च प्रदर्शन, हरदा, नीमच, होशंगाबाद, बैतूल एवं कटनी रहे तथा निम्न प्रदर्शन: अलीराजपुर, शाजापुर, खरगोन, बडवानी, रीवा और रतलाम हैं।)

**प्रश्न :-** 46वी ग्लेनमार्क ओपन जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैम्पियनशिप तैराकी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के किस जिले के नानक मूलचंदानी ने 200 मीटर बैंक स्ट्रोक में कांस्य पदक अपने नाम किया है - नीमच (नानक को इस साल छपने वाली एकमात्र तैराकी मैगजीन "स्विमिंग" में सेकंड कलर पेज पर स्थान मिला है।)

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के जिले में स्थित विवि ने देशभर के 71 कृषि और वेटरनरी विश्वविद्यालय को पछाडते हुए नम्बर 1 वन कृषि विवि का दर्जा हासिल कर लिया है - जबलपुर (यह दर्जा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर नई दिल्ली ने दिया है। आईसीएआर ने उन विकृत विवि के अनुसंधान, शिक्षा और प्रसार के कामों को परखने के बाद सरदार पटेल आईसीएआर उत्कृष्ट अवार्ड 2018 दिया है वर्ष 2017 में यह अवार्ड पंजाब कृषि विवि को मिला था)

**प्रश्न :-** "राइट टू वाटर" के साथ-साथ देश का कौन साराज्य 7.30 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं की सेवा देने के लिए स्वास्थ्य का अधिकार योजना तैयार कर रहा है - मध्य प्रदेश (प्रदेश में 7.30 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सरकार "स्वास्थ्य का अधिकार" योजना तैयार कर रही है, इस योजना के अंतर्गत लगभग 1.88 करोड़ परिवार को रूपये 1000000 तक के उपचार की सुविधा देना सरकार की योजना है। इस योजना में वे लाग भी आएंगे जिन्हें आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिलता है।)

मध्यप्रदेश करंट अफेयर्स ONLY M.P. RAMKESHeducation

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस शहर की चौपाटी को फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा क्लीन स्ट्रीट फूड हब का तमगा मिलने जा रहा है - **इंदौर (देश की टॉप 10 चौपाटियों में शामिल होगी इंदौर की सराफा चौपाटी। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तीन प्रोजेक्ट इंदौर में चल रहे हैं। 56 दुकान को पहले ही क्लीन स्ट्रीट फूड हब घोषित किया जा चुका है।)**

**प्रश्न :-** हाल ही में अभिनेता अजय देवगन के व्यावसायिक उपक्रम, एनवाई, सिनेमाज, ने मध्य प्रदेश के किस शहर में अपना पहला थीमेटिक मल्टीप्लेक्स शुरू किया है - **रतलाम**

**प्रश्न :-** संयुक्त अरब अमीरात में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम की शुरूआत किस शहर में की गई - **आईआईएम इंदौर**

**प्रश्न :-** प्रदेश के नागरिकों को विशेष रूप से ग्रामीण रह वासियों की समस्या के निराकरण और विकास के सुझावों पर अमल करने के लिए राज्य सरकार "आपकी सरकार आपके द्वार" योजना की शुरूआत कब से कर रही है - **1 अगस्त**

**प्रश्न :-** प्रदेश की आम जनता की समस्याओं, शिकायतों की सुनिश्चित और संतोषजनक समाधान के लिए राज्य सरकार हर महीनें के दूसरे मंगलवार को कौनसा कार्यक्रम शुरू करने वाली है - **जन अधिकार कार्यक्रम (मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ के निर्देश पर यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को होगा। इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों से रूबरू होकर मुख्यमंत्री लोगों की दिक्कतों का समाधान करेंगे।**

**प्रश्न :-** आयकर विभाग मध्य प्रदेश के किस शहर में प्रदेश की पहली फाइव स्टार ग्रीन बिल्डिंग बनवा रहा है - **भोपाल**

**प्रश्न :-** 7 जुलाई 2019 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी "स्कूल चलो अभियान" का शुभारंभ मध्यप्रदेश के किस जिले से किया - **छिन्दवाड़ा जिला**

प्रश्न :- मध्य प्रदेश में तालाबों के संरक्षण और जल भराव की जानकारी संधारण करने के लिए किसे ज्योग्राफिक इन्फॉरर्मेशन सिस्टम बेस्ट वेब पोर्टल तैयार किया गया है - EPOC (यह पोर्टल मध्य प्रदेश एजेंसी फॉर प्रोफेशन ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से तैयार किया गया है। पोर्टल पर प्रदेश के 2.25 हेक्टेयर से अधिक वेटलैंड को शामिल किया गया है।)

प्रश्न :- किस राज्य की महिला बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को और अधिक दक्ष बनाने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम "आंगनवाड़ी शिक्षा" ई लर्निंग की व्यवस्था शुरू की है - मध्य प्रदेश

प्रश्न :- राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट के हिसाब से स्वास्थ्य से जुड़े 23 इंडिकेटर्स के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में मध्य प्रदेश का कौन सा स्थान रहा है - 17वां

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ स्वर्गीय संजय गांधी के नाम पर "संजय गांधी पर्यावरण मिशन" नाम से पहली स्कीम शुरू करने जा रहे हैं। इस मिशन के तहत हर साल कितने पौधे लगाए जाएंगे - 5 करोड़

प्रश्न :- मध्य प्रदेश की ट्राईबल विभाग ने किस आयुर्वेद कॉलेज को आदिवासियों द्वारा उपयोग की जाने वाली जड़ी बूटियों पर रिसर्च की जिम्मेदारी दी है - पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज, भोपाल (3 साल तक चलने वाली इस रिसर्च में करीब 6 करोड़ रूपये खर्च होंगे। शहडोल, अनूपपुर, मंडला एवं डिंडोरी जिले में यह रिसर्च की जाएगी।)

प्रश्न :- प्रदेश में कमलनाथ सरकार ने अपने कामकाज का आंकलन एक सर्वे के जरिए करने के लिए किस संस्था द्वारा फॉर्म तैयार करवाया है - आईआईटी खड़कपुर

प्रश्न :- देश के अभी सबसे बड़े मिशन "चंद्रयान-2" में मध्यप्रदेश के किस जिले के हिमांशु शुक्ला शामिल हैं - रतलाम (हिमांशु सफल प्रोजेक्ट मंगलयानमें शामिल रह चुके हैं। 1350 किलो के इस सैटेलाइट को 15 महीने के रिकार्ड समय में तैयार किया गया था। इसमें 1 हजार वैज्ञानिकों की टीम लगी थी।)

**प्रश्न :-** हाल ही में राज्य आनंद विभाग ने हर महीने के प्रोग्राम की थीम तय की है। अगस्त माह की थीम क्या होगी - **खेल को समर्पित (राज्य आनंद विभाग वर्ष भर अलग-अलग थीम पर आधारित कार्यक्रम करवाएगा। विभाग के द्वारा इन थीम पर हर महीने जिला स्तर पर कार्यक्रम किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की शुरूआत जुलाई महीने से हो जाएगी तथा इसके बाद यह निरंतर जून 2020 तक चलेंगे। हर महीने होने वाले प्रोग्राम की थीम इस प्रकार होगी। जुलाई: कृतज्ञता को समर्पित, अगस्त: खेल को समर्पित, सितम्बर: अल्पविराम को समर्पित, अक्टूबर: मदद को समर्पित, नवम्बर: सीखने को समर्पित, दिसंबर: संबंधों को समर्पित)**

**प्रश्न :-** कमलनाथ सरकार की कैबिनेट बैठक में भोपाल नगर निगम क्षेत्र एवं मंडीदीप की स्कूलों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत सेंट्रलाइज किचन शेड व्यवस्था के संचालन के लिए किस स्टेशन से कांटेक्ट की स्वीकृति दी गई है - **अक्षय पात्र**

मध्यप्रदेश करंट अफेयर्स ONLY M.P. RAMKESHeducation

**प्रश्न :-** नेशनल हेल्थ मिशन के तहत (एनएचएम) इंदौर स्थित किस अस्पताल में मध्यप्रदेश सरकार "मदर मिल्क बैंक" की शुरूआत करने जा रही है - **बैतूल**

**प्रश्न :-** नई दिल्ली में आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 91वे स्थापना दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में "हलधर ऑर्गेनिक किसान अवार्ड 2018" से किस को सम्मानित किया है - **ललिता मुकाती (इस कार्यक्रम में बड़वानी जिले की बोरलाय निवासी महिला उन्नतशील किसान ललिता मुकाती को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है)**

**प्रश्न :-** हाल ही में गीता पराग की संपादक डॉ गीता गीत को दिल्ली में आयोजित डॉक्टर निर्मल वालिया अभिनंदन ग्रंथ एवं सम्मान समारोह में विशिष्ट साहित्यकार सम्मान प्रदान किया गया है। वह मध्य प्रदेश के किस जिले से आती है - **जबलपुर**

**प्रश्न :-** स्वच्छता सर्वेक्षण की तर्ज पर देश के प्रमुख शहरों की जल शक्ति की रैंकिंग भी की जाएगी। इसकी सर्वे में मध्य प्रदेश के कितने जिलों को शामिल किया जाएगा - 11

**प्रश्न** :- वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रथम 3 माह में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में मध्यप्रदेश का कौनसा जिला अब्बल रहा - इंदौर

**प्रश्न** :- किस राज्य में राज्य कृषक आयोग की जगह राज्य कृषि सलाहकार परिषद का गठन किया जाएगा - **मध्य प्रदेश में**

**प्रश्न** :- किस प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने अभी हाल ही में बच्चों के बस्ते का वजन तय कर दिया है - **मध्य प्रदेश**

**प्रश्न** :- आम नागरिकों में रेडिएशन का स्तर पता लगाने के लिए देश की दूसरी लैब मध्य प्रदेश की किस शहर में स्थापित की गई है - **भोपाल (आम नागरिकों में रेडिएशन का स्तर पता लगाने के लिए यह देश की दूसरी लैब है इसके पहले एक लैब मंगलौर में चल रही है।**

**प्रश्न** :- भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के कौन से जिले में First Atmospheric Research Tesrbed Laboratory स्थापित की जाएगी - **सीहोर**

**प्रश्न** :- सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) के आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश का कौन सा शहर प्रजनन दर में पूरे प्रदेश में पहले नम्बर पर है - **भोपाल**

**प्रश्न** :- दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे के लिए मध्यप्रदेश के हिस्से का सर्वे पूरा कर लिया गया है, यह प्रदेश के कितने गांव से गुजरेगा - **144 (यह मार्ग मध्य प्रदेश राजस्थान सीमा पर मंदसौर जिले के ढाबला माधोसिंह गांव से शुरू होकर मध्यप्रदेश गुजरात सीमा स्थित ढेबर गांव (झाबुआ) पर खत्म होगा।)**

**प्रश्न** :- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने यौन उत्पीड़न और बाल अपराधी के मामले के लिए किस राज्य में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाने का निर्णय लिया है - **मध्य प्रदेश**

**प्रश्न** :- आरबीआई की त्रैमासिक आवासीय संपत्ति मूल्य सर्वेक्षण के अंतर्गत 13 शहरों को शामिल किया गया है इनमें से मध्य प्रदेश का कौन सा शहर शामिल है - **भोपाल**

**MP Current Affair June 2019**

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश में इंदौर के शहर में लालबाग में किस उत्सव की शुरूआत हुई - **मालवा उत्सव**

**व्याख्या :–** इस वर्ष हुए मालवा उत्सव का यह 20वा अवसर है। इस बार इस मेले में 300 से ज्यादा कलाकारों ने अपनी कला कृतियां प्रस्तुत की। इस उत्सव में देश के ही नहीं बल्कि थाईलैंड, युगांडा और नेपाल के कलाकारों ने भी अपने देश की खूबसूरत कलाकृतियां प्रस्तुत की। इंदौर के लालबाग में आयोजित मालवा के इस मेले में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, बिहार, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, नागालैंड आदि स्थानों के शिल्पकारों की कलाकृतियां देखने को मिली।

**प्रश्न :-** म. प्र. के स्वास्थ्य मंत्री से अभी हाल ही में यूनिसेफ के कौन से हेड ने मुलाकात की है - **यास्मीन अली**




**व्याख्या** - यूनीसेफ मध्यप्रदेश में मातृशिशु मृत्यु दर को कम करने को लेकर काम कर रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मध्यप्रदेश में यूनिसेफ के सहयोग से हो रहे काम पर स्वास्थ्य मंत्री तुलसी सिलावट से चर्चा हुई। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में अन्य योजनाओं पर भी यूनिसेफ से चर्चा  हुई।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश के कितने किसानों को तीन समान किस्तों में "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि" के अंतर्गत सम्मान राशि प्रदान की जाएगी - **80 लाख**

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश के 80 लाख किसानों को तीन समान किस्तों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जाएगा। सरकार के द्वारा किसान के बैंक खातों में दो-दो हजार रूपये के मान से 6 हजार रूपये सीधे जमा करवाए जाएंगे। इस योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई है।

**प्रश्न :-** अभी हाल ही में इंगलैंड की अंडर-19 काउंटी क्रिकेट लीग में खिलाड़ी संजय सैनी का चयन हुआ है किस जिले से संबंधित है - **गुना**

**व्याख्या** - देश के विभिन्न प्रांतों में खेले गए लीग मैंचों में लगातार उत्कृष्ट बल्लेबाजी के आधार पर संजय सैनी का चयन हुआ है। इंगलैंड में आगामी 19 जून से शुरू हो

रहे अंडर-19 काउंटी क्रिकेट लीग में मध्यप्रदेश की गुना जिले राघोगढ़ निवासी संजय सैनी भी खेलेंगे।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार द्वारा विभागों के लिए नीति बनाने के काम के लिए किस संस्थान का चयन किया गया है - **अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान**

व्याख्या - अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान ना केवल अब योजनाओं का प्रभाव आकलन करेगा बल्कि विभागों के नीति बनाने का भी काम करेगा। पंचायत और स्वास्थ्य जैसी अन्य विभागों की नीति बनाने का भी काम शुरू कर दिया गया है। मध्यप्रदेश में "सुशासन एवं नीति विश्लेषण स्कूल" को सितंबर 2007 में स्थापित किया था।

**प्रश्न :-** मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मध्यप्रदेश के किस शहर में केन्द्रीय जेल के गठन को मंजूरी दे दी गई है - **छिन्दवाड़ा**

व्याख्या - मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कमलनाथ के गृह जिले छिन्दवाड़ा में केन्द्रीय जेल की स्थापना का प्रस्ताव पास कर दिया गया है। इसके लिए कैबिनेट ने 228 करोड़ रूपये के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश का कौन सा मंदिर देश का पहला सिर्फ भोग प्लेस मंदिर घोषित किया गया है - **महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन**

व्याख्या - उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार (FSSAI) ने सेफ भोग प्लेस घोषित कर दिया है। अब यहां पर मिलने वाले लड्डू प्रसाद एवं अन्य क्षेत्र से मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता प्रमाणित हो गई है। इसकेसाथ ही अब मंदिर समिति लड्डू प्रसाद के पैकेट पर विशेष "भोग" टैग भी लगा सकेगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के द्वारा दिल्ली में आयोजित एक समारोह में महाकालेश्वर मंदिर समिति को यह प्रमाण पत्र दे दिया गया है। यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला महाकाल मंदिर देश का पहला ज्योतिर्लिंग बन गया है।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के किस व्यक्तित्व को राष्ट्रीय रक्तदान सेवा सम्मान प्रदान किया गया है - **डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी**

व्याख्या - जिला चिकित्सालय मंदसौर में पदस्थ प्रभारी अस्पताल प्रबंधक डॉ. हिमाशु यजुर्वेदी को रक्तदान के क्षेत्र में लगातार अपनी सीमाओं एवं सहयोग के लिए हरियाणा के रोहतक में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इन्हें यह सम्मान आकस्मिक परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को रक्त की पूर्ति करवाने हेतु दिया गया है।

**प्रश्न :-** अखिल भारतीय बुंदेलखंड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के प्रावधान में बुंदेली भाषा का राष्ट्रीय अधिवेशन और बुंदेली समारोह 2019 विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ 25 जून को कहाँ पर आयोजित किया गया - **भोपाल के शहीद भवन**

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार ने विश्व का सबसे बड़ा बिजली का पावर बैंक बनाने का निर्णय लिया है, इस पावर बैंक की क्षमता कितनी होगी - **500 MW**

व्याख्या - यह बिजली का पावर बैंक देश का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा बिजली स्टोरेज सिस्टम होगा। सरकार ऐसा एनर्जी स्टोरेज सिस्टम लगा रही है, जिसमें 500 मेगावाट बिजली को स्टोर किया जा सकेगा।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण भोपाल ने किस जिले के प्रसिद्ध भगवान शनि मंदिर को प्रमुख तीर्थों में पंजीबद्ध किया है - **मुरैना**

व्याख्या - म.प्र. तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण भोपाल ने जिले के ग्राम एंती में प्रसिद्ध भगवान शनि मंदिर को प्रमुख तीर्थ में पंजीबद्ध किया है।

**प्रश्न :-** अभी हाल ही में किस आईपीएस अधिकारी को उनके साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में सक्रिय योगदान पर पूनाखा (भूटान) में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड भूटान द्वारा सम्मानित किया गया है - **वरूण कपूर**

व्याख्या - श्री वरूण कपूर आईपीएस अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंदौर रेंज को उनके साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में सक्रिय योगदान पर पूनाखा (भूटान) में उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड भूटान द्वारा सम्मानित किया गया है।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश के किस नगर निगम ने डोर टू डोर पुराने कपड़ों का कलेक्शन कर उनसे थैले बना कर देने का अभियान शुरू किया है - **भोपाल**

व्याख्या - भोपाल नगर निगम द्वारा डोर टू डोर पुराने कपड़ों का कलेक्शन कर उनसे थैले बना कर देने का काम शुरू किया है, इस मुहिम को कैरी योर ऑन बैग नाम दिया गया है।

**प्रश्न :-** 15 जुलाई को देवी अहिल्या होलकर एयरपोर्ट इंदौर से पहले अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट ने किस शहर के लिये उडान भरी - **दुबई**

व्याख्या - पिछले महीने 29 मई को इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा प्राप्त हुआ है। इसी के चलते अब 15 जुलाई को देवी अहिल्या बाई होल्कर एयरपोर्ट में पहली अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट दुबई के लिए उड़ान भरेगी। केंद्र सरकार के द्वारा इंदौर एयरपोर्ट पर एविएशन चेकपोस्ट की अनुमति देकर यहां से इंटरनेशनल फ्लाइट की औपचारिक मंजूरी भी दे दी गई है।




**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश की किस योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर के संबंध में सभी एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की गई - **जय किसान ऋण माफी योजना**

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश में गौशाला का हाइब्रिड एनर्जी मॉडल कौन से शहर की प्राइवेट कंपनी के द्वारा बनाया जाएगा - **दिल्ली**

व्याख्या - दिल्ली की प्राइवेट कंपनी सिब्क्स कंपनी के द्वारा 5 साल में लगभग 300 गौशालाएं बनाई जाएगी। हर साल लगभग सात गौशाला का निर्माण होगा। यह गौशाला अत्याधुनिक और सर्व सुविधा युक्त रहेंगी। गौशालाओं में एयर कंडीशनर लगाए जाएंगे, यह गौशाला हाइब्रिड एनर्जी मॉडल पर काम करेंगी।

**प्रश्न :-** वन विभाग के द्वारा पौधा आपके द्वार योजना लॉन्च कर दी गई है। इस योजना के तहत वन विभाग में मांग पत्र देने पर कितने रूपए पौधे के हिसाब से वन विभाग पौधा उपलब्ध कराएगा - 10 रूपये

व्याख्या - पौधा आपके द्वार योजना के तहत छायादार व फलदार दोनों तरह के पौधे 10 रूपए प्रति पौधे के हिसाब से दिए जायेंगे। जिसमें आम, नीम, पीपल, नीबू आदि सहित लगभग 20 प्रकार के पौधे शामिल किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत लोग (इस वेबसाइट के माध्यम से) mpforestonline.gov.in पर भी पौधों की मांग कर सकते हैं।

**प्रश्न :-** अभी हाल ही में मधुसूदन पाटीदार ने यूरोप के 5 हजार 642 मीटर ऊंचे बर्फीले पहाड़ माउंट एलब्रुस पर भारत का तिरंगा फहराया है, वह मध्य प्रदेश के किस शहर से संबंधित है - **इंदौर**

व्याख्या - मध्य प्रदेश के राऊ के रहने वाले मधुसूदन ने 12 घंटे में चोटी पर चढ़कर अपना नाम इतिहास में दर्ज करा दिया है, इसे अमूमन लोग 8 से 10 दिन में पूरा करते हैं।

**प्रश्न :-** पानी की समुचित व्यवस्था के लिए पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) और नगर निगम के सहयोग से किस शहर में 330 पारंपरिक कुओं एवं बावड़ियों की पहचान कर उनके संरक्षण का कार्य किया जा रहा है - **इंदौर**

व्याख्या - इस योजना के लिए केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से 5 करोड़ रूपए का शत-प्रतिशत अनुदान प्राप्त हुआ है। साथ ही शहर के बड़े इलाकों में सूखे ट्यूब वेल्स और हैंडपंप भूजल स्तर बढ़ाने के कारण पुन: चालू हो सकेंगे।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा बिजली बिल आधा करने के बाद सरकार पर कितने रूपए सालाना भार आ रहा है - **2100 करोड़ रूपए**

**प्रश्न :-** हाल ही में सिहोरा में हिरण नदी के पुनर्जीवन के लिए सीड बॉल फेंकने की योजना बनाई गई है, यह किस मुख्य नदी की सहायक नदी है - **नर्मदा**

व्याख्या - यह कार्य भारत नामदेव जय भारती शिक्षा केन्द्र मझगवा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। हिरन नदी का पुनर्जीवन करने के लिए इसके किनारे सीड बॉल फैंकी जाएगी। इन सीड बालों में कुछ दिनों के बाद छोटे-छोटे पौधे उग आएंगे जो बड़े होने पर नदी के कटाव को रोक सकेंगे।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूर्व की सरकार द्वारा संचालित किस योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री जन कल्याण (नया सवेरा) नाम कर दिया है - **संबल योजना**

**प्रश्न :-** म. प्र. सरकार द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के लिए कितने हजार करोड़ के बजट का प्रस्ताव रखा गया है - **7 हजार करोड़**

**प्रश्न :-** एमपी में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालन मंडल की बैठक सम्पन्न हुई इसकी अध्यक्षता किसने की थी - **मुख्यमंत्री**

व्याख्या - श्री कमलनाथ ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालन मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजना बनाने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत प्रदेश में स्मार्ट सिटी के रूप में घोषित 7 नगर निगमों के अलावा शेष 9 नगर निगमों में भी ज्यादा से ज्यादा नागरिक सुविधाएं देने के लिए अधोसंरचना उन्नयन की अलग से विशेष योजना बनाई जाएगी।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश के किस जिले में बड़े पैमाने पर किसानों के खेतों में इस वर्ष काजू के बगीचे लगाए जाएंगे - **बैतूल**

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा कौन सा माह डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है - **जुलाई 2019**

**प्रश्न :-** अभी हाल ही में मालवा क्षेत्र में स्थित किस शहर की सिरपुर तालाब को राष्ट्रीय महत्व के वेटलैंड के रूप में चिन्हित किया गया है - **इंदौर**

**प्रश्न :-** पैसेंजर ग्रोथ एंड फैसिलिटी प्लान के तहत मध्यप्रदेश के किस एयरपोर्ट पर बेबी फीडिंग रूम बनाए गए हैं - **भोपाल**

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश के किस शहर में इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर सम्मिट सम्पन्न हुआ - **भोपाल**

प्रश्न :- एम पी के किस जिले के सरकारी कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए सर्कुलर जारी किया गया है - जबलपुर

प्रश्न :- मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा किस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए निर्णायक मंडल का गठन किया गया है - महर्षि बाल्मीकि स्मृति पुरस्कार

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में आदिवासी क्षेत्रों में 15 नवीन महाविद्यालय छात्रावास खोले जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई है, यह छात्रावास कितने करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे - 108 करोड़

प्रश्न :- राज्य सरकार ने लोक सेवा केंद्रों के संचालन की प्रकिया में आवश्यक सुधार के लिए किसकी अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद उप समिति का गठन किया है - गृहमंत्री

मध्यप्रदेश करंट अफेयर्स ONLY M.P. RAMKESHeducation

प्रश्न :- अफगानी मूल की माने जाने वाली आम की प्रजाति नूरजहां के गिने-चुने पेड़ मध्य प्रदेश के किस जिले में पाए जाते हैं - अलीराजपुर

व्याख्या - अफगानी मूल की मानी जाने वाली आम की प्रजाति नूरजहां के गिने-चुने पेड़ मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के कठ्ठीवाड़ा क्षेत्र में पाए जाते हैं। आम की यह प्रजाति "आमों की मलिका" के रूप में मशहूर नूरजहां के फलों का औसत वजन इस बार मौसम की मेहरबानी से बढ़कर 2.75 किलोग्राम पर पहुंच गया है।

प्रश्न :- म. प्र.में कब अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया जाएगा - 26 जून

प्रश्न :- मध्यप्रदेश में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कौन से चार शहरों में मिनी स्टेडियम बनाने का निर्णय हो चुका है - जबलपुर

व्याख्या - जबलपुर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मिनी स्टेडियम बनाने का टेंडर हो चुका है। स्टेडियम के निर्माण में करीब चार करोड़ रूप खर्च होंगे। मतलब कि 4 स्टेडियम के निर्माण में 16 करोड़ का खर्च आएगा। इन स्टेडियम का निर्माण फूटाताल, करियापाथर, शिवनगर एवं शक्तिनगर में किया जाएगा।

**प्रश्न :-** राज्य सरकार ने किस अभ्यारण को टाइगर रिजर्व बनाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं - **रातापानी अभ्यारण**

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश में जनसंख्या स्थिरता के उद्देश्य से सभी विकासखण्ड मुख्यालयों पर परिवार विकास मेले लगाए जाएंगे। अभी हाल ही में मध्य प्रदेश में जनसंख्या स्थिरता माह कब से कब तक मनाए जाने का निर्णय हुआ है - **11 जुलाई से 11 अगस्त**

**प्रश्न :-** कमलनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मॉब लिंचिंग के मामले में जिम्मेदारों पर कितने साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है - **3 साल तक**

**प्रश्न :-** मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में भोपाल मेट्रो की लागत में कितना प्रतिशत हिस्सा केन्द्र सरकार वहन करेगी - **20 फीसदी**

मध्यप्रदेश करंट अफेयर्स ONLY M.P. RAMKESHeducation

## MP Current Affair May 2019

**प्रश्न :-** तीन दिवसीय शेक्सपियर फेस्ट "शेक्सपियराना" का आयोजन कहां पर किया गया - **भोपाल**

व्याख्या - 30 अप्रैल से 2 मई तक चलने वाले इस फेस्टिवल का आयोजन भोपाल शहर में किया गया। इसके अंतर्गत शहर के अलग-अलग जगहों पर शेक्सपियर को याद किया गया। क्लब लिटराटी एक बार फिर दुनिया की बेहतरीन इंग्लिश प्ले राइटर शेक्सपियर के जन्मदिवस को भोपाल शेक्सपियर फेस्टिवल के रूप में आयोजित किया गया।

**प्रश्न :-** स्कूल गेम्स में कौन सा राज्य 403 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा है - **मध्य प्रदेश**

व्याख्या - SGFI ने 64वें नेशनल स्कूल गेम्स की ओवरऑल मेडल की पहली सूची जारी की है। इसमें मध्यप्रदेश 164 स्वर्ण पदक एवं 103 रजत तथा 136 कांस्य समेत कुल 403 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश से किस स्थान का चयन हिट एक्शन प्लान व रिसर्च के लिए हुआ है - **सागर**

व्याख्या - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधीनगर गुजरात ने मध्यप्रदेश में हिट एक्शन प्लान रिसर्च के लिए सागर का चयन किया है। इसके लिए टीम मई से जून माह तक शहर में अत्याधिक गर्मी यानी हीट ग्रोथ से होने वाली मौतों व इनको रोकने के उपायों पर रिसर्च करेगी। आईआईपीएचजी की टीम सागर में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के विभाग व नगर निगम के साथ मिलकर यह काम करेगी। इसके पहले अहमदाबाद को 2013 में देश के पहले ही एक्शन प्लान के लिए चुना गया था।

**प्रश्न :-** सिलिकोसिस की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन कहां पर किया गया है - **मध्य प्रदेश**




व्याख्या - मध्यप्रदेश में सिलिकोसिस बीमारी की निगरानी के लिए अपर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव श्रम विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

**प्रश्न :-** 5वें वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया है - **हिम्मत कोठारी**

व्याख्या - पांचवें राज्य वित्त आयोग का गठन कर पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी को अध्यक्ष बनाया गया है, इससे पहले चौथे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी कोठारी ने ही अपनी सेवा प्रदान की थी।

**प्रश्न :-** दादा साहब फाल्के पुरस्कार कौन से शहर की स्कूल ने जीता है - **भोपाल**

व्याख्या - 9वा दादा साहेब फाल्के फिल्म पुरस्कार ग्वालियर ग्लोरी हाईस्कूल ने फिल्म जुनून जिद से जीत तक के लिए दिया गया है। यह फिल्म स्कूल स्टूडेंट्स कैटेगरी के अंतर्गत प्रदर्शित की गई थी।

**प्रश्न :-** डॉक्टर आकांक्षा रितेश को इंटरनेशनल अवार्ड किस देश की यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रदान किया गया है - **थाईलैंड**

व्याख्या - शिक्षाविद प्रोफेसर डॉक्र आकांक्षा रितेश को थाईलैंड की कैसेटसर्ट यूनिवर्सिटी के द्वारा 5 मई को लीडरशिप अवार्ड से नवाजा गया। इस यूनिवर्सिटी के द्वारा एकेडमिक लीडरशिप 2018-19 के लिए डॉक्टर आकांक्षाका चयन इंडियन एजुकेटर की इंडिविजुअल कैटेगरी इंटरनेशनल जूरी कांफ्रेंस ऑन मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च एंड एप्लीकेशन द्वारा वेदांत एकेडमिक्स बैंकॉक अवार्ड के लिए किया गया।

**प्रश्न :-** आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव दिवस एकात्म पर्व के रूप में कब मनाया गया - **9 मई**

व्याख्या - 9 मई को आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव दिवस एकात्म पर्व के रूप में मनाया गया।

प्रश्न :- ब्रिटेन में काउंसलर का चुनाव जीतने वाले अभिमन्यु कहां के निवासी हैं - **नागदा**

व्याख्या - अभिमन्यु सिंह, 700 साल से भी पुरानी जनप्रतिनिधियों की सभा में यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बने हैं। नागदा (रोहल खुर्द) के निवासी अभिमन्यु सिंह ने ब्रिटेन के शहर किंग्सटन अपॉन हनी सिटी कौंसिल के चुनाव में जीत दर्ज की है।

**प्रश्न :-** लक्ष्य सिंह ने मॉडलिंग की रूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता में रूबरू मिस्टर इंडिया टूरिज्म वर्ल्ड का खिताब जीता है, यह किस शहर के हैं - **गुना**

व्याख्या - मिस्टर इंडिया टूरिज्म वर्ल्ड का खिताब जीतने वाले लक्ष्य सिंह आईसीआईसीआई बैंक इंदौर में उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

**प्रश्न :-** दिल्ली में ब्यूटी एक्सपो टैलेंट शो अवार्ड किसने जीता है - **रागिनी**

व्याख्या - उज्जैन से परफक्ट लुक ब्यूटी केयर की मेकअप आर्टिस्ट प्रियंका सिंह परमार ने दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ब्यूटी एक्सपोर्ट टैलेंट शो में हिस्सा लिया। प्रियंका को बॉलीवुड एक्ट्रेस रिमी सेन व टीवी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना ने सम्मानित किया।

**प्रश्न :-** केन्द्र सरकार की पहल पर किस स्थान पर जल्द ही ऑर्थोपेडिक एक्सीलेंस ऑफ इंस्टिट्यूट खोलने जा रहा है - **भोपाल में**

व्याख्या - हमीदिया अस्पताल परिसर में प्रस्तावित इस क्षेत्रीय संस्था के लिए नई बिल्डिंग बनाई जाएगी, जो कि मल्टीलेवल पार्किंग से जुड़ी रहेगी। इसके साथ ही नई इमारत को बनाने पर भी लगभग 45 करोड़ का खर्चा अनुमानित किया गया है।

**प्रश्न :-** वाकणकर पर केंद्रित परमानेंट रॉक आर्ट गैलरी किस स्थान पर बनेगी - **दिल्ली**

व्याख्या - भीम बैटिका की खोज करने वाले पुरातत्व बीता डॉ विष्णु श्रीधर वाकणकर से जुड़े हुए दस्तावेज, एवं उनकी लिखी पांडुलिपियां व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र अब नई दिल्ली का हिस्सा होगी। वहां डॉक्टर वाडकर पर केंद्रित परमानेंट रॉक आर्टगैलरी तैयार की जा रही है।

**प्रश्न :-** एआईजीजीपीए भोपाल में किस देश के छात्र इंटर्नशिप करेंगे - **ऑस्ट्रेलिया**

व्याख्या - दिल्ली में पदस्थ ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी कमिश्नर श्री रॉड हिल्टन ने अटल बिहारी बाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल के महान निर्देशक श्री आर परशुराम से मध्यप्रदेश की चुनौतियां और संभावनाओं पर चर्चा की। इसके साथ ही श्री परसुराम ने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया के छात्र संस्था में इंटरशिप अथवा रिसर्च कर सकते हैं।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे - **जस्टिस ए ए कुरैशी**

व्याख्या - गुजरात हाईकोर्ट के वरिष्ठ जज एवं वर्तमान में मुम्बई में पदस्थ जस्टिस कुरैशी मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे। सुप्रीमकोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एस ए बोबड़े और जस्टिस एन वी रमन्ना की कॉलेजियम ने जस्टिस कुरैशी के नाम पर मोहर लगा दी है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने वर्तमान चीफ जस्टिस एस की सीट 9 जून 2019 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

**प्रश्न :-** मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश सचिव के पद पर किसे नियुक्त किया गया है - **वरूण पोरवाल**

व्याख्या - युवा उद्योगपति और पोरवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट वरूण पोरवाल, मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश सचिव बन गए हैं।वे अब तक के सबसे कम आयु के प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए हैं।यह संस्था प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित व प्रमुख व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्था में से एक है। इससे पूरे प्रदेश के उद्योगपति और व्यापारी जुड़े हुए हैं।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश ने कितने स्वर्ण पदक के साथ राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता जीती है - **41**

व्याख्या - पुणे इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा खंडाला में 4 से 11 मई के बीच आयोजित दसवीं सब जूनियर एवं जूनियर तथा सीनियर बालक बालिका प्रतियोगिता में 19 राज्यों के 1300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें मध्यप्रदेश कूडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 41 स्वर्ण पदक, 19 रजत पदक एवं 24 कांस्य सहित कुल 84 पदकों पर कब्जा कर पहला स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश के कूडो खिलाड़ियों ने पिछले वर्ष का अपना 28 स्वर्ण पदक का रिकॉर्ड भी तोड़ कर नया रिकॉर्ड 41 स्वर्ण पदक से बनाया है। किसी भी टीम द्वारा जीते गए स्वर्ण पदकों का अभी तक का यह नया रिकॉर्ड है। इस जीत के साथ ही मध्य प्रदेश की टीम लगातार तीसरे साल प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन बन गई है। प्रतियोगिता के दूसरे स्थान 15 स्वर्ण पदकों के साथ संयुक्त रूप से गुजरात एवं राजस्थान की टीमें रही हैं एवं तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र को मिला है जिसमें कुल 12 स्वर्ण पदक जीते हैं।

## MP Current Affair April 2019

**उज्जैन में डॉक्टर वाकणकर स्मृति राज्य स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन।**

पद्मश्री डॉ विष्णु वाकणकर स्मृति 30वी राज्य स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन 1 से 3 अप्रैल तक नीलगंगा स्थित लोकमान्य तिलक शिक्षा परिषद के राजाभाऊ महाकाल सभागृह में किया गया।
लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्षकिशोर खंडेलवाल ने बताया कि प्रदर्शनी प्रतियोगिता में 80 चित्र शामिल हुए हैं। निर्णायकों द्वारा चयनित चित्रों की प्रदर्शनी आमजन के लिए प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से 8:00 बजे तक खुली रहेगी।

**ईव्हीएम व्हीव्हीपेट का प्रथम रेंडमाइजेशन –**

प्रथम रेंडमाइजेशन के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले में उपलब्ध ईव्हीएम, व्हीव्हीपेट का फर्स्ट लेवल चेकिंग (FLC) कर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित किया जाता है। सभी 52 जिलों के लिए ईव्हीएम व्हीव्हीपेट का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया था। एवं 30 मार्च 2019 को 24 जिले के जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।

**संस्थान गोसेवा भारतीय इंदौर महानगर एवं चैतन्य भारत का संयुक्त वार्षिक उत्सव –**

31मार्च को संस्था गोसेवा भारतीय इंदौर महानगर एवं चैतन्य भारत का संयुक्त वार्षिक उत्सव विट्ठल रूक्मणी गार्डन में आयोजित किया गया।

आयोजन अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के सदस्य हुकुमचंद सांवला के सानिध्य में किया गया था।

मध्यप्रदेश
करंट अफेयर्स
ONLY M.P.
RAMKESHeducation

**मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लांच किया थीम साँग –** मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का थीम साँग 'दिल से दिल्ली तक अब होगी कांग्रेस" देश के लॉन्च किया।

थीम सॉन्ग हिन्दी, अंग्रेजी के अलावा देश की अन्य सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगा।

**सवा करोड़ परिवारों को वितरित की जाएगी मतदाता मार्गदर्शिका –** लोकसभा निर्वाचन 2019 में देश के प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका तैयार की गई है।

मतदाता मार्गदर्शिका निर्वाचन से पूर्व मध्यप्रदेश के लगभग 1,25,00,000 परिवारों को घर-घर जाकर बी एल ओ के माध्यम से वितरित की जाएगी।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रारंभ हुआ 45 दिन स्वीप अभियान –** बड़वानी जिले में संचालित स्वीप की गतिविधि के तहत एक और विशेष अभियान "सोशल मीडिया कैंपेन इन 45 डेज" का शुभारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आगामी 45 दिन अर्थात मतदान के दिन तक प्रतिदिन स्वीप की गतिविधियों पर आकर्षक तरीके से बनाए गए फोटो फ्लेक्स भेजे जाएंगे। इन फलेक्स में प्रसिद्ध फिल्मों के पात्रों की फोटो पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के संदेशयुक्त "नारे" या "कोटेशन" लिखे होंगे। जिसके माध्यम से युवा एवं सोशल मीडिया से जुड़े हुए मतदाता लोकसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित हो सके।

**नेशनल ड्रॉप रो बॉल में रेखा ने जीता कांस्य –** उत्तराखंड में आयोजित नेशनल बुलेट रोबॉल चैंपियनशिप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रेखा चौहान ने मध्यप्रदेश के लिए कांस्य पदक जीता है। पहली यूथ नेशनल ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 31 मार्च को हुआ। इसके पहले वह नेपाल में ड्रॉप रोबॉल में गोल्ड मेडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बन चुकी है।

**शैक्षिक संस्था में "येलो लाइट" अभियान की शुरूआत की गई –** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं कोटपा एक्ट के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में किसी भी प्रकार की तम्बाकू का निषेध रहेगा। इसके संबंध में जागरूकता लाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में येलो लाइट अभियान की शुरूआत की गई है। कोटपा एक्ट की धारा 6 के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उनके द्वारा किसी भी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ को खरीदने अथवा बेचना अपराध है।

**ओमकारेश्वर मंदिर में दर्शन पूजा के लिए ऑनलाईन बुकिंग की सेवा प्रारंभ हुई**

ओमकारेश्वर मंदिर में दर्शन पूजन के लिए ऑनलाईन बुकिंग की सेवा प्रारंभ हो चुकी है। अब श्रद्धालुओं को घर बैठे दर्शन के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इससे पहले ऐप के माध्यम से भी वीआईपी दर्शन के साथ पूजा के लिए एडवांस बुकिंग, महाप्रसाद के लड्डू ऑर्डर की सुविधा शुरू की गई थी। अब प्रत्येक रसीद /पास एकीकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से मिलेगी। इसके साथ ही ट्रस्ट प्रदान की गई सेवाओं की बुकिंग भी करेगा तथा प्रत्येक काउंटर और सेवा के स्थान पर एकीकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से जुड़े हुए होंगे।

**खजुराहो में बनेगा देश का पहला हीरा संग्रहालय –** राज्य सरकार छतरपुर जिले की खजुराहो में देश का पहला हीरा संग्रहालय बनाने जा रही है। इस संग्रहालय में 323 कैरेट के हीरे ऐसे ही रखे जाएंगे जो टेस्टिंग के दौरान हीरा कंपनी रियोटिटो को पन्ना जिले की हीरा खदान से मिले थे। इस संग्रहालय में हीरा नीलामी सेंटर भी होगा जहां पर पन्ना की खरीद खदानों से निकले हीरे नीलाम किए जाएंगे।

**डॉ जोशी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए गए –** विक्रम विश्वविद्यालय की संस्कृत अध्ययन शाला के पूर्व विभाग अध्यक्ष एवं संस्कृत आचार्य डॉक्टर केदार नारायण जोशी को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनकी सुदीर्घ, उत्कृष्ट और निरंतर संस्कृत साधना के लिए दिया गया है।

**विदुषी कलापिनी कोमकली श्रीनिवास जोशी सम्मान 2019 से सम्मानित किया गया -** मालवी जाजम और मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति शास्त्रीय गायिका विदुषी कलापिनी कोमकली को श्रीनिवास जोशी सम्मान से विभूषित करने जा रही है। 22 अप्रैल को हिंदी साहित्य समिति की उम्र में सम्मान समारोह का आयोजन होगा। यह सम्मान हर साल एक कलावंत और अपने क्षेत्र में निरंतर विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

प्रेमचंद सृजन पीठ के निर्देशक और वरिष्ठ साहित्यकार जीवन सिंह ठाकुर इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता करेंगे एवं कबीर धारा के लेखक डॉ सुरेश पटेलमुख्य अतिथि होंगे।

**वर्ल्ड चैलेंज जंपिंग में एशिया में नंबर वन स्थान पर रहे प्रणय –** मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवार अकादमी की प्रतिभावान घुड़सवार प्रणय खरे वर्ल्ड चैलेंज जंपिंग (कैटेगरी बी) वह रैंकिग में एशिया की नंबर एक घुड़सवार बन गए हैं। अब दुनिया के तीसरे नंबर के घुड़सवार हो गए हैं। घुड़सवारी के वैश्विक संस्था FEI ने हाल ही में यह रैंकिंग जारी की है। जिसमें इस श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार बन गए हैं।

**एशियन यूथ चैंपियनशिप में नित्यता जैन ने जीता स्वर्ण पदक –** मध्यप्रदेश की शतरंज खिलाड़ी नित्यता जैन ने एशियन यूथ चेस चैम्पियनशिप में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है। इस खिलाड़ी ने ब्लट्ज टीम में स्वर्ण और स्टैंडर्ड टीम में रजत पदक पर कब्जा जमाया है।




**मध्य प्रदेश लोक सभा निर्वाचन के स्टेट आई कौन बने – अभिनेता कार्तिक आर्यन।**

फिल्म अभिनेता श्रीकार्तिक आर्यन को भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान मध्य प्रदेश के लिए स्टेट आईकॉन बनाया गया है। स्टेट आइकान के रूप में श्री कार्तिक आर्यन मतदाता जागरूकता एवं मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित करेंगे।

वे मूलत: मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के निवासी हैं श्री कार्तिक आर्यन कई फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं उन्होंने अपने अभिनय की शुरूआत 2011 में की थी, उन्होंने कई लोकप्रिय फिल्मों में अभिनय किया है।

**ग्वालियर में पहली बार फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा –** ग्वालियर में शहर के युवाओं को मंच देने के उद्देश्य से पहली बार फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत फेस्टिवल के लिए फ्री ऑडिशन 21 अप्रैल को होंगे। इस

आयोजन में उन युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें लेखन, निर्देशन, एक्टिंग, म्यूजिक एवं डांस सहित मूवी मेंकिंग से जुड़े हुए किसी भी फील्ड में महारत हासिल है।

ऑडिशन के बाद चयनित प्रतिभागियों के लिए एक 20 वर्षीय कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें सभी प्रतिभागियों को अलग अलग कैटेगरी के मुताबिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**देश का पहला समवशरण मंदिर विदिशा में बनेगा –** जैन समाज के दसवे तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ की गर्भ, जन्म, तप और ज्ञान कल्याणक की सिद्धभूमि शीतल धाम विदिशा में देश का पहला 108 फीट ऊंचा समवशरण मंदिर बन रहा है।

**शिवपुरी में अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर शहीद मेले का आयोजन किया गया –** 1857 संग्राम के योद्धा अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन शिवपुरी एवं स्वराज्य संस्थान संचालनालय मध्यप्रदेश शासन सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से शहीद तात्या टोपे समाधि स्थल पर दो दिवसीय शहीद मेले का आयोजन किया गया।

**अब दिल्ली मेंट्रो रीवा सोलर प्लांट की बिजली से दौड़ेगी –** मध्य प्रदेश के रीवा स्थित गूढ में निर्माणाधीन दुनिया के सबसे बड़े अल्ट्रा सोलर पावर प्रोजेक्ट की बिजली से दिल्ली मेट्रो ने रफ्तार भरी। देश में पहली बार ऐसा हुआ है जब मेट्रो रेल सेवा का संचालन सौर ऊर्जा से किया गया हो।




**भोपाल रेल मंडल के नए डीआरएम होंगे उदय बोरवांकर -** उदयपुर बोरवांकर को भोपाल रेल मंडल का नया डीआरएम बनाया गया है। उन्हें पूर्व रेल मंडल डीआरएम शोभन चौधरी की जगह पदस्थ किया गया है।

**Madhya Pradesh current affair March 2019**

**प्रश्न :-** श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना द्वितीय चरण की 2 इकाइयों का लोकापर्ण कब एवं किसके द्वारा किया जाएगा - **3 मार्च 2019 को मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में किस स्थान पर पहली बार 2019 के अखिल भारतीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया - **अखिल भारतीय मलयाली एसोशिएशन एम पी**

चैप्टर द्वारा भोपाल में पहली बार 3 फरवरी 2019 को इस सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश से गुजरने वाली किस नदी में राष्ट्रीय जलमार्ग बनाने की घोषणा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा की गई है - बेतवा नदी (3 फरवरी 2019) को झांसी में आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की गई।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त किसे बनाया गया है - मध्य प्रदेश की सूचना आयुक्त पत्रकार राहुल सिंह और वन अधिकारी जे बी कृष्णमूर्ति को बनाया गया है उन्होने के डी खान का स्थान लिया है जो 28 फरवरी 2019 को रिटायर हो गए हैं।

**प्रश्न :-** केंद्र सरकार द्वारा "हल्की मकान से जुडी परियोजना (लाइट हाउस प्रोजेक्ट)" नई तकनीक पर आधारित आवास निर्माण के लिए मध्यप्रदेश के किस शहर को चुना गया है - इस योजना के तहत 6 शहरों को चुना गया है। राजकोट (गुजरात), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), अगरतला (त्रिपुरा), रांची ( झारखंड), इंदौर (मध्य प्रदेश), एवं चेन्न्ई (तमिलनाडू)

**प्रश्न :-** "बिटिया उत्सव" का आयोजन ग्वालियर में कब से कब तक आयोजित हुआ – 8 से 11 मार्च 2019 तक (अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में चार दिवसीय बिटिया उत्सव समारोह का आयोजन महिला बाल विकास मंत्री इमरती देवी एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा इसका शुभारंभ किया गया)

**प्रश्न :-** किस जिला अस्पताल को प्रथम कायाकल्प अवॉर्ड वर्ष 2018-19 के जिला अस्पताल श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त हुआ है – जबलपुर (श्री तुलसीराम सिलावट जो कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री है इनके द्वारा 6 मार्च 2019 को इंदौर में वर्ष 2018-19 के कायाकल्प अवार्ड की घोषणा की गई। इस वर्ष 93 अस्पतालों को यह अवार्ड से सम्मानित किया गया है इसमें प्रथम स्थान जबलपुर, द्वितीय होशंगाबाद तथा पन्ना एवं रतलाम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।)

प्रश्न :- वर्ष 2019 के स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में टॉप 20 में मध्यप्रदेश के कितने शहर शामिल किए गए हैं - 6 ( इंदौर – पहला स्थान, उज्जैन – चौथा स्थान, देवास – दसवां स्थान, भोपाल -19वा स्थान, नागदा – 18 स्थान, खरगौन – 17 स्थान)

प्रश्न :- वर्ष 2019 के स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार कितनी बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का गौरव प्राप्त हुआ है - तीसरी बार (वर्ष 2019 के स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इंदौर को लगातार तीसरी वर्ष देश के सबसे स्वच्छ शहर का गौरव हासिल हुआ है।)

प्रश्न :- "मां नर्मदा, मां शिप्रा एवं मां मंदाकिनी नदी न्यास" का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है - कंप्यूटर बाबा (नामदेव दास त्यागी)

प्रश्न :- "किन्नर सभ्यता, संस्कृति और सहित्य चिंतन और चुनौतियां" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किस स्थान पर किया गया था - इंदौर

प्रश्न :- "पोषण पखवाड़ा" मध्य प्रदेश में कब से कब तक मनाया जाएगा - 8 मार्च से 20 मार्च 2019 तक

प्रश्न :- सरकारी कॉलेजों में पढ़ाने वाले अतिथि विद्वानों का मानदेय मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घटाकर कितने रूपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है - 30000 रूपये, जो कि पहले 39500 रूपए मिलता था।




प्रश्न :- देश का पहला दो दिवसीय मक्का महोत्सव मध्य प्रदेश के किस जिले में आयोजित किया गया – छिंदवाड़ा

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के किस जिले में कैंसर इंसटीट्यूट खोला जाएगा - जबलपुर

प्रश्न :- मध्य प्रदेश की नौरादेही अभ्यारण में किस देश से चीते लाने की बात चल रही है - नामीबिया

प्रश्न :- मध्य प्रदेश में स्टेट एनिमल सरोगेसी लेब कहां पर स्थापित की गई है - इंदौर

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में "युवा स्वाभिमान योजना" का लाभ लेने वाले युवाओं के लिए वार्षिक आय की सीमा कितनी निर्धारित की गई है - **2 लाख रूपए**

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश शासन ने राजनीतिक मामलों के लिए गठित मंत्रिपरिषद समिति का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया है – **मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ**

**प्रश्न :-** मध्य भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बन गया है - **इंदौर**

## MP Current Affair February 2019

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में 29 वी राष्ट्रीय जूनियर एवं जूनियर कयाकिंज-कनोईग प्रतियोगिता का शुभारंभ कहां पर किया गया - **भोपाल में**




व्याख्या – मध्य प्रदेश के खेल मंत्री जीतू पटवारी द्वारा 30 जनवरी 2019 को भोपाल के छोटे तालाब में आयोजित 29वें राष्ट्रीय जूनियर और सब जूनियर कयाकिंज-कनोईंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

**प्रश्न :-** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का दीक्षांत समारोह कब मनाया गया - **1 फरवरी 2019**

व्याख्या - अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के. एन. एच. यादव है। विंध्य क्षेत्र के रीवा जिला मुख्यालय में स्थित अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 1 फरवरी 2019 को आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। विश्वविद्यालय का नाम कैप्टन अवधेश प्रताप सिंह के नाम पर रखा गया है। जो कि मिट्टी के एक प्रतिष्ठित पुत्र और एक स्वतंत्र सेनानी है विश्वविद्यालय की स्थापना 20 जुलाई 1968 को हुई थी और इसे फरवरी 1972 में यूजीसी की मान्यता प्राप्त हुई थी।

**प्रश्न :-** संस्कृत भारती कार्यकर्ताओं का मध्य भारत प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन कहां पर किया जा रहा है - **भोपाल में**

व्याख्या - यह सम्मेलन 1 फरवरी से 3 फरवरी 2019 के डिपो चौराहा स्थित ठेगड़ी भवन में आयोजित किया गया। संस्कृत भाषा की पठन-पाठन को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने व हर पीढ़ी को व्यक्ति को संस्कृत अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विगत 35 वर्षों से प्रयासरत "संस्कृत भारती" अखिल भारतीय स्तर पर एवं साथ ही विदेशों में भी कार्यशील है।

**प्रश्न :-** मध्यप्रदेश का एकमात्र रेलवे जोन पश्चिम मध्य रेलवे का मुख्यालय कहां पर स्थित हैं - **जबलपुर**

व्याख्या - मध्य प्रदेश का एकमात्र पश्चिम रेलवे का मुख्यालय जबलपुर में स्थित है इस जोन की स्थापना 1 अप्रैल 2013 को की गई थी यह भारत के 17 रेलवे जोनों में से एक है।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को निशुल्क आवासीय शिक्षा योजना का पॉलिटेक्निकल कॉलेज (महाविद्यालय) कहां पर स्थित है - **हरसूद, झाबुआ, मंडला**

व्याख्या - मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ की अध्यक्षता में 1 फरवरी 2019 को सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में एकलव्य पॉलिटेक्निक योजना के तहत मध्यप्रदेश की तीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हरसूद मंडला एवं झाबुआ में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को नि:शुल्क आवासीय शिक्षा योजना का लाभ देने का निर्णय किया गया।

**प्रश्न :-** महेश्वर में तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया - **सांस्कृतिक मंत्री डॉ विजयलक्ष्मी**

व्याख्या - 4 फरवरी 2019 को खरगोन जिले की देवी अहिल्या घाट माहेश्वर में तीन दिवसीय निर्माण उत्सव का शुभारंभ सांस्कृतिक मंत्री डॉ विजयलक्ष्मी साधो के द्वारा किया गया।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में भूमिहीन पुजारियों को कितने रूपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा - 3000 रूपये

व्याख्या - 5 एकड़ तक की भूमि वाले मंदिरों के पुजारियों को 700 रूपए से 2100 रूपए प्रति माह और 10 एकड़ तक भूमि वाले पुजारियों को 520 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 1560 रूपए कर दिया गया है।

**प्रश्न :-** अखिल भारतीय सिविल सेवा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कहां पर किया जाएगा - **भोपाल में**

व्याख्या - 1 फरवरी 2019 को भोपाल के टीटी स्टेडियम में स्थित मार्शल आर्ट हॉल में इसका शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 राज्यों के पुरूष एवं 9 राज्यों की महिला खिलाड़ी टीमों ने भागीदारी की।

**प्रश्न :-** भोपाल मेमोरियल अस्पताल के रक्त संग्रहण चलित वाहन का लोकार्पण किसके द्वारा किया गया - **भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री आरिफ अकील ।**

व्याख्या - 2 फरवरी 2019 को रक्त संग्रहण चलित वाहन ई का लोकार्पण किया गया।




**प्रश्न :-** 9वीं ऑल इंडियन यूनिवर्सिटी वूमेन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के कौन से खिलाड़ी ने रजत पदक जीता है - **दिव्या पवार एवं जिजेशा शाह राजपूत ।**

व्याख्या - दिव्या पवार ने सम्मानित किलोग्राम भाग वर्ग एवं जिजेशा शाह राजपूत ने 81 किलोग्राम भार वर्ग में पदक अर्जित किए हैं।

**प्रश्न :-** अंजन शलाका प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन कहां पर किया गया - **धार में**

व्याख्या - धार में स्थित भक्तामर महातीर्थ अभ्युदयधाम पर विशाल अंजन शलाका प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 4 फरवरी से 11 फरवरी 2019 तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत सात प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा परिसर में स्थित मंदिर में की जाएगी। 15 वर्ष बाद यह दूसरा प्रतिष्ठा महोत्सव है।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में खाद्य सुरक्षा दाल वितरण योजना का शुभारंभ कब किया गया - **4 फरवरी 2019**

व्याख्या - मध्य प्रदेश के 01 लाख 17 हजार परिवार इस योजना से लाभान्वित होंगे। इस योजना के अंतर्गत हर पात्र परिवार को 4 किग्रा के हिसाब से दाल का वितरण किया जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा 4 फरवरी 2019 को ग्वालियर से मध्य प्रदेश खाद्य सुरक्षा दाल वितरण योजना का शुभारंभ किया गया।

**प्रश्न :-** उत्कृष्ट उद्यमिता के लिए नेशनल अवार्ड से मध्य प्रदेश में किसे सम्मानित किया गया है - **नरेश चौरसिया**

व्याख्या - छतरपुर की व्यावसायिक कंपनीके द्वारा डायरेक्टर नीरज चौरसिया को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश की किस स्मार्टसिटी प्रोजेक्ट को "द वन ग्लोब अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस" दिया गया है - **इंदौर स्मार्ट सिटी को**

व्याख्या - इंदौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को "द वन लोबेल ग्लोब अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस" से नवाजा गया। इस अवार्ड की शुरूआत वर्ष 2012 में की गई थी।




**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में सड़क सुरक्षा सप्ताह कब शुरू किया गया - **4 फरवरी 2019**

व्याख्या - 4 फरवरी 2019 को मध्यप्रदेश में "सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा" सिंपल राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की गई।

**प्रश्न :-** हॉल ही में मध्य प्रदेश का कौन सा अभ्यारण राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया है - **कूनो पालनपुर अभ्यारण श्योपुर**

व्याख्या - मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा कूनो अभ्यारण को राष्ट्रीय उद्यान बनाने के लिए शिवपुरी से जोड़कर 113 किलोमीटर का क्षेत्रफल बढ़ाया जाएगा। 2003 में कूनो अभ्यारण की स्थापना की गई थी।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में मोगली उत्सव 2019 कब से कब तक मनाया जाएगा - **24 मार्च से 30 मार्च 2019 तक**

व्याख्या - मोगली उत्सव में प्रत्येक जिले से 8 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2019 का आयोजन मध्य प्रदेश के 6 राष्ट्रीय उद्यानों में 24 मार्च से 30 मार्च 2019 तक होगा।

**प्रश्न :-** हाल ही में साउथ अफ्रीका में खनिज निवेशक सम्मेलन में मध्यप्रदेश के कौन से मंत्री शामिल हुए थे - **खनिज मंत्री श्री प्रदीप जयस्वाल**

व्याख्या - मध्य प्रदेश के खनिज मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल साउथ अफ्रीका के केपटाउन शहर में विश्व स्तरीय निवेशक सम्मेलन में शामिल हुए।

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में 8 से 9 फरवरी 2019 को विशाल रोजगार मेला कहां पर लगेगा - **ग्वालियर**

व्याख्या - ग्वालियर के आदर्श विज्ञान महाविद्यालय 8 से 9 फरवरी 2019 को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्र की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियां भर्ती के लिए आ रही है।

**प्रश्न :-** "गजरथ महोत्सव" का आयोजन मध्य प्रदेश में कहां पर किया जाएगा - **जबलपुर**

व्याख्या - गजरथ महोत्सव जैन धर्म से संबंधित है इस महोत्सव के अंतर्गत भगवान मुनि सुब्रत नाथ के जन्म कल्याणक हेतु 5 एकड़ भूमि में अयोध्या नगरी की रचना की जा रही है। यह महोत्सव 17 फरवरी से 23 फरवरी 2019 तक आयोजित होने जा रहा है।

**प्रश्न :-** स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में बेरोजगारों को प्रतिमाह कितने रूपए दिए जाएंगे - **4000 रूपए**

व्याख्या - इस योजना के अंतर्गत शहरी गरीब बेरोजगारों को 100 दिन का रोजगार युवा स्वाभिमान योजना के अंतर्गत दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत पंजीयन 10 फरवरी 2019 से प्रारंभ होगा एवं फरवरी महीनें में ही रोजगार तथा कौशल विकास का

प्रशिक्षण ष कनश्या◌ाल.gov.ine 2019 देने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। 21 से 30 वर्ष तक के बेरोजगार युवाओं को यह भत्ता मिलेगा।

## Madhya Pradesh Current Affairs January 2019

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश शासकीय माध्यमिक शाला में हिंदी ओलंपियाड का आयोजन कब किया जाएगा - **20 जनवरी 2019**

**प्रश्न :-** हाल ही में मध्य प्रदेश में किस योजना में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है - **बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ योजना में**




**प्रश्न :-** माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जांच करने हेतु किसकी अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है - **श्री एम गोपाल रेड्डी**

**प्रश्न :-** हाल ही में 38वी अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किस स्थान पर किया गया - **पृथ्वीपुर में**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में कितने प्रतिशत की आबादी को सस्ता राशन मिलता है - **75%**

**प्रश्न :-** फ्लेट भावांतर भुगतान योजना/ कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत मंडियों में किसानों को सोयाबीन और मक्का विक्रय करने पर कितने रूपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा - **500 रूपये**

**प्रश्न :-** अभी हाल ही में किस की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश राज्य प्राधिकरण की गवर्निंग बॉडी गठित की गई थी - **मुख्यमंत्री**

**प्रश्न :-** भोपाल में अद्वैत के महावाक्य प्रज्ञान ब्रह्मा के विषय पर व्याख्यान कब आयोजित किया गया - **20 जनवरी 2019**

**प्रश्न :-** मंडप सांस्कृतिक शिक्षा कला केंद्र रीवा ग्राम देहात रंग पर्व2019 का आयोजन कब से कब तक किया जाएगा - **28 से 30 जनवरी 2019**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश की 15 विधान सभा का बजट सत्र कब से कब तक होगा - **18 से 20 फरवरी 2019**

**प्रश्न :-** हॉकी इंडिया ने स्पेन टूर के लिए महिला टीम की घोषणा कर दी जिसमें मध्य प्रदेश की करिश्मा यादव को चयनित किया गया है। यह किस जिले से संबंधित है - **ग्वालियर**

**प्रश्न :-** तीन दिवसीय आईएएस ऑफीसर्स मीट का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया - **मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी द्वारा**

**प्रश्न :-** वर्ल्ड इकोनामिक फोरम का आयोजन कहां किया जा रहा है - **दावोस में**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश राज्य की मुख्य सूचना आयुक्त किसे नियुक्त किया गया है - **श्री के. डी. खान**

**प्रश्न :-** भारतीय जल कार्य संघ का 51वां वार्षिक अधिवेशन कहां पर आयोजित होगा - **इंदौर**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मशीनरी स्कीम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के करा शव को कितने प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा - **50%**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में खरीफ फसल वर्ष 2018 में किस फसल को खरीदी (उपार्जन) में शामिल नहीं है - **धान**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में शासकीय देव स्थानों की चल एवं अचल संपत्तियों के संरक्षण, संधारण एवं विकास के लिए कौन सा कोष बनाया गया है - **देव स्थान कोष**

मध्यप्रदेश करंट अफेयर्स ONLY M.P. RAMKESHeducation

प्रश्न :- अभी हाल ही में मध्य प्रदेश जन परिषद संस्था की छठवीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किस स्थान पर किया गया - **भोपाल**

प्रश्न :- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का दीक्षांत समारोह का आयोजन कब किया जाएगा - **25 फरवरी 2019**

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के छात्र ध्रुव अरोरा ने ज्वाइंट इंजीनियरिंग एग्जाम जेईई मेंस में कितने प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया है - **100%**

प्रश्न :- अछरू माता मंदिर किस जिले में स्थित है - **निवाड़ी**

प्रश्न :- महाराजा किशोर सिंह का मकबरा कहां पर स्थित है - **छतरपुर**

प्रश्न :- अंतर्राष्ट्रीय विराट गुरूकुल सम्मेलन, उज्जैन में कब से कब तक आयोजित किया गया था - **28 से 30 अप्रैल 2018 तक**




प्रश्न :- छिपनोर माइक्रो उद्वहन सिंचाई कौन से जिले से संबंधित है - **सीहोर जिला**

प्रश्न :- रूद्र प्रताप के बाद ओरछा का शासक किसे नियुक्त किया गया - **भारतीय चंद**

प्रश्न :- राज्य स्तरीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किस जिले में किया जाएगा - **रतलाम**

प्रश्न :- हाल ही में 64 साल पुराना ब्रिज गिराया गया, वह किस नदी पर बना था - **हडसन नदी**

प्रश्न :- प्रधानमंत्री नवाचार उत्कृष्टता पुरस्कार से किस जिले को सम्मानित किया गया है - **नीमच**

प्रश्न :- 10 देश का एकमात्र इन्फ्रेंट्री म्यूजियम कहां पर बनाया गया - **महू**

**प्रश्न :-** राष्ट्रकवि स्नेही स्मृति सम्मान 2018 किसे प्रदान किया जाएगा - **डॉ योगेश दुबे**

**प्रश्न :-** अभी हाल ही में मोहनपुर सिद्धेश्वर गुफा स्थान पर मेले का आयोजन किस जिले में किया गया था - **गुना**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों को ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेताओं को कितने रूपए की राशि पुरस्कार के रूप में देने का प्रस्ताव लाया जा रहा है - **3 करोड़**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में मिस्टर एंड मिसेज इंडिया सुपर मॉडल 2019 का खिताब किसने जीता - **अस्मिता सिंह**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में "बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओं योजना" के लिए विशेष सप्ताह का आयोजन कब से कब तक किया जाएगा - **21 जनवरी से 26 जनवरी 2019**

**प्रश्न :-** मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार किसको दिया जाता है - **पुरूषों एवं महिलाओं दोनों को**

**प्रश्न :-** "मामा भांजा शैलाश्रय" कहां पर स्थित है - **पचमढ़ी से 2 किलोमीटर दूर (पनारपानी ग्राम में)**

**प्रश्न :-** जनगणना 2011 के अनुसार मध्य प्रदेश में बाल शिशु जनसंख्या का लिंगानुपात कितने प्रतिशत है - **14.5%**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में "पानी रोको अभियान" किस मुख्यमंत्री के कार्यकाल में प्रारंभ किया गया था - **दिग्विजय सिंह 3 फरवरी 2001 को शुरू हुआ था।**

**प्रश्न :-** मध्य प्रदेश में अंतिम बार राष्ट्रपति शासन कब लागू किया गया था - **16 दिसंबर 1992**

प्रश्न :- मध्य प्रदेश में किसान कर्ज माफी से संबंधित योजना का नाम है - जय किसान फसल ऋण माफी योजना (शुभारंभ – 15 जनवरी 2019)

प्रश्न :- मध्य प्रदेश में ताप्ती दर्शन यात्रा का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया - लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे (15 जनवरी 2019 को बैतूल जिले के मुलताई में)

प्रश्न :- मध्य प्रदेश में आशा सहयोगीयों के प्रति विजिट (दौरा) प्रोत्साहन राशि अब कितनी कर दी गई है - 300 रूपये

प्रश्न :- मध्य प्रदेश में दिसंबर 2018 के अंत तक बेरोजगारी कितने प्रतिशत तक पहुंच गई है - 9.8%

प्रश्न :- मध्य प्रदेश सरकार कौन सी संस्था से 1000 करोड़ रूपए का कर्ज लेगी - भारतीय रिजर्व बैंक

प्रश्न :- मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री का सलाहकार किससे नियुक्त किया गया है - राजेन्द्र कुमार मिगलानी

19 November 2019

---------------------Thanks For Reading---------------------